# Daily Current Affairs

Date : 06 December, 2025

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम में राजस्थान के 4 शहर शामिल |
| 2. | गंग नहर शताब्दी समारोह का शुभारंभ |
| 3. | सिटी इन्वेस्टमेंट्स टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 (CITIIS 2.0) |
| 4. | 'एवियन बॉटूलिज्म' तथा 'एवियन इन्फ्लूएंजा' के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. चर्चा में सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (CDTI), जयपुर<br>2. RIICO द्वारा आवंटित भूमि<br>3. सत्य कर्म पूनिया |
| 6. | अर्थ समिट, 2025 |
| 7. | 23वाँ भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन, 2025 |
| 8. | RELOS समझौता |
| 9. | अफार क्षेत्र |
| 10. | पीएम इंटर्नशिप योजना |
| 11. | नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL) |
| 12. | गरूड़ शक्ति |
| 13. | पहला फीफा शांति पुरस्कार, 2025 |
| 14. | राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस, 2025: 2 दिसम्बर |
| 15. | विश्व मृदा दिवस |
| 16. | महिला कबड्डी विश्व कप, 2025 |
| 17. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड, 2025<br>2. लुआना लोपेस लारा<br>3. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल: पर्यावरण संरक्षण हेतु वैश्विक मान्यता मिली<br>4. डाइविंग चेस टूर्नामेंट, 2025 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम में राजस्थान के 4 शहर शामिल

### चर्चा में क्यों?

- रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए 'सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम' में राजस्थान के 4 शहरों को शामिल किया गया है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- **प्रोग्राम के तहत शामिल 4 शहर :** जयपुर, जोधपुर, अजमेर और उदयपुर। (इस कार्यक्रम के तहत देशभर के 100 शहरों का चयन किया गया है)।
- 20 जून, 2025 को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सिटी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन (SSEF) के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि सिटी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम 'पीएम सूर्यघर: मुफ्त बिजली योजना' के तहत शुरू की गई एक महत्त्वपूर्ण पहल है, जो विश्व की सबसे बड़ी घरेलू रूफटॉप सोलर योजना है।
- राजस्थान में अब तक 'पीएम सूर्यघर: मुफ्त बिजली योजना' के अन्तर्गत 1 लाख 9 हजार से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। शीर्ष तीन जिलों में जयपुर (15,932 संयंत्र), उदयपुर (5,794 संयंत्र) और जोधपुर (6,436 संयंत्र) शामिल है।
- नोट : अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, भारत स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता के मामले में विश्व स्तर पर चौथे, पवन ऊर्जा मामले में चौथे और सौर ऊर्जा क्षमता में तीसरे स्थान पर है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- राजस्थान, जहाँ सौर विकिरण तीव्रता 6-7 किलोवाट घण्टे/वर्गमीटर/प्रतिदिन और वार्षिक 325 से अधिक सौर दिवस हैं, सौर ऊर्जा के लिए एक बड़ी क्षमता रखता है, जिसकी अनुमानित क्षमता नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार 142 गीगावाट है।
- **राजस्थान की एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024 :** मुख्य उद्देश्य वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान देना।
- इस नीति के तहत् वर्ष 2029-30 तक 115 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और 10 गीगावाट ऊर्जा भंडारण क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोमास और ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा दिया जाएगा।
- नवीकरणीय ऊर्जा/सौर पार्कों के बुनियादी ढाँचे के प्रबंधन एवं विकास के लिए राजस्थान सौर पार्क विकास कंपनी लिमिटेड (RRECL) की स्थापना की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# गंग नहर शताब्दी समारोह का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

- 05 दिसंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री गंगानगर के साधुवाली में गंग नहर शताब्दी समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया।




## मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 1925 में बीकानेर के तात्कालिक महाराजा गंगासिंह ने गंग नहर की नींव रखी और 'वैली ऑफ डेथ' को 'वैली ऑफ लाइफ' में बदल दिया।
- राज्य सरकार द्वारा गंग नहर के पुनरुद्धार हेतु ₹1717 करोड़ का वित्तीय प्रावधान किया है। साथ ही, फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया। राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2024-25 में फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए ₹200 करोड़ का प्रावधान किया गया था।
- साथ ही, सरकार द्वारा सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क-फोर्स का गठन किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस समारोह में मुख्यमंत्री ने गन्ने के वर्तमान समर्थन मूल्य को ₹15 बढ़ाने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद गेती किस्म के गन्ने के लिये समर्थन मूल्य ₹416/प्रति क्विंटल, मध्यम किस्म के लिये ₹406/प्रति क्विंटल तथा पछेती किस्म के लिये ₹401/प्रति क्विंटल हो जाएगा।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**गंग नहर शताब्दी समारोह :**

- **अवधि :** 5 दिसंबर, 2025 से 26 अक्टूबर, 2027 तक।
- **गंग नहर का शिलान्यास :** 5 दिसंबर 1925 (बीकानेर के तात्कालिक महाराजा गंगासिंह द्वारा फिरोजपुर, पंजाब में)
- **निर्माण पूर्ण :** 26 अक्टूबर, 1927
- **उद्घाटन कार्यक्रम के अतिथि :** पंडित मदन मोहन मालवीय और भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड इरविन।

**शताब्दी समारोह के मुख्य आयोजन:**

- **शुरुआत :** श्री गंगानगर के साधुवाली से 5 दिसंबर, 2025 को 'राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह' के रूप में।
- **समापन :** श्री गंगानगर जिले के शिवपुर हैड में 26 अक्टूबर, 2027 को 'राजस्थान के सुशासन की शताब्दी गाथा महोत्सव' के रूप में।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सिटी इन्वेस्टमेंट्स टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 (CITIIS 2.0)

## चर्चा में क्यों?

- 'सिटी इन्वेस्टमेंट्स टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 (CITIIS 2.0)' प्रोजेक्ट के तहत जयपुर के मानसरोवर और सीतापुरा में कचरा ट्रांसफर स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।




## मुख्य बिन्दु:


- साथ ही, भंबोरी (जयपुर) में मल्टीपरपज ट्रांसफर स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।
- वर्ष 2023 में केंद्र सरकार ने 'सिटी इन्वेस्टमेंट्स टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन 2.0 (CITIIS 2.0)' योजना को स्वीकृति प्रदान की।
- **साझेदार :** CITIIS 2.0 आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा फ्रांसीसी विकास एजेंसी (AFD), क्रेडिटनस्टाल्ट फर विडेरौफबाउ (KfW), यूरोपीय संघ (EU) और राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान (NIUA) द्वारा तैयार किया गया एक व्यापक कार्यक्रम है।
- **संचालन अवधि :** वर्ष 2023 से 2027 तक।
- CITIIS 2.0 स्मार्ट सिटी मिशन का एक हिस्सा है और इसका उद्देश्य एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन और जलवायु-उन्मुख सुधार कार्यों को बढ़ावा देना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'एवियन बॉटूलिज्म' तथा 'एवियन इन्फ्लूएंजा' के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान में पहली बार 'एवियन बॉटूलिज्म' तथा 'एवियन इन्फ्लूएंजा' के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक :** पशुपालन विभाग, वन विभाग, सांभर लेक मैनेजमेंट एजेंसी और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (WTI)।
- **आयोजन :** पशुधन प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, जामडोली (जयपुर)।
- उद्देश्य : एवियन बॉटूलिज्म तथा एवियन इन्फ्लूएंजा की पहचान, बचाव, समय पर किए जाने वाले उपचार तथा आपदा प्रबंधन के व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करना।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **एवियन बॉटूलिज्म :** यह एक प्रकार की विषाक्तता है, जो क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया द्वारा उत्पादित न्यूरोटॉक्सिन (जहर) के अंतर्ग्रहण के कारण होती है।
- यह एक असंक्रामक रोग है, जो दूषित वातावरण, जैसे - मृत और सड़े हुए जीवों के संपर्क में आने पर या बैक्टीरिया पनपने के लिए अनुकूल गर्म, स्थिर पानी में मौजूद लार्वा खाने से फैलता है।
- एवियन बॉटूलिज्म के कारण पक्षियों में पक्षाघात (Paralysis) हो जाता है।
- **एवियन इन्फ्लूएंजा :** यह एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है, जिसे 'बर्ड फ्लू' के नाम से जाना जाता है। यह दूषित मल या दूषित सतहों के माध्यम से एक पक्षी से दूसरे पक्षी में तेजी से फैलता है। इस रोग के कुछ स्ट्रेन (जैसे - H5N1) मनुष्यों और अन्य स्तनधारियों में भी फैल सकते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **चर्चा में सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (CDTI), जयपुर**<br>■ हाल ही में, जयपुर स्थित सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (CDTI) में रॉयल भूटान पुलिस के अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>■ इस कार्यक्रम में 'क्रिप्टो करेंसी एवं डार्क वेब अपराधों की जाँच' जैसे विषयों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।<br>■ सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (CDTI) ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (BPR&D) के तहत एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है, जो पुलिस अधिकारियों को वैज्ञानिक जाँच, साइबर अपराध (क्रिप्टो करेंसी और डार्क वेब) और आधुनिक तकनीक पर प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य करता है। |
| 2. | **RIICO द्वारा आवंटित भूमि**<br>■ हाल ही में, RIICO ने उदयपुर खुर्द (किशनगढ़) में अविकसित भूमि को डिफेंस इकाई के लिए इंपीरियल आर्मरी प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित किया। कंपनी 162 करोड़ रुपये का निवेश कर अत्याधुनिक रक्षा उत्पादन संयंत्र स्थापित करेगी।<br>■ इसके अलावा, बाड़मेर के देवका गाँव में वी-7 इवन इंफोटेक कंपनी को अविकसित भूमि पर सोलर वेस्ट रीसाइक्लिंग यूनिट स्थापित करने की मंजूरी दी गई है, जिसमें 100 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में सोलर वेस्ट स्क्रैपिंग और रीसाइक्लिंग फैसिलिटी की स्थापना की जाएगी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **सत्य कर्म पूनिया**<br>■ हाल ही में, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान जयपुर मूल के उद्यमी सत्य कर्म पूनिया रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल हुए।<br>■ सत्य कर्म पूनिया रूसी नागरिक हैं और 1990 के दशक से रूस के दवा उद्योग में सक्रिय हैं।<br>■ उन्होंने 'रूस बायोफार्म ग्रुप (PSK Pharma)' की स्थापना की। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## अर्थ समिट, 2025

### चर्चा में क्यों?

- गृह और सहकारिता मंत्री ने 4 दिसम्बर, 2025 को गाँधीनगर में कृषि, ग्रामीण तकनीक और मानवता को सशक्त बनाने से संबंधित अर्थ समिट, 2025 को उद्घाटन किया।
- इस समिट के दौरान सहकार साथी पहल के अंतर्गत 13 से अधिक नई सेवाओं और उत्पादों का भी शुभारंभ किया।

### मुख्य बिन्दु:

- इन ई पहलों में डिजी KCC, कैम्पेन सारथी, वेबसाइट सारथी, सहकारी शासन सूचकांक, विश्व का सबसे बड़ा अनाज भंडारण एप्लीकेशन ई-PACS, शिक्षा सारथी प्रौद्योगिकी फोरम शामिल है।
- यह तीन अर्थ सम्मेलनों की श्रृंखला का दूसरा संस्करण है।
- **उद्देश्य:** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना और ग्रामीण विकास के लिए परिणाम देने वाले हल तलाशना।
- भविष्य के प्रत्येक पंचायत में सहकारी संस्था स्थापित करने की योजना तैयार की जा रही है। इसका उदेश्य सहकारी सदस्यों की संख्या 50 करोड़ से अधिक करना और GDP में इस क्षेत्र के योगदान को बढ़ावा देना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## 23वाँ भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन, 2025

### चर्चा में क्यों?

- रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने हेतु 4-5 दिसम्बर, 2025 को भारत की राजकीय यात्रा की।



### मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 2025 भारत और रूस के मध्य रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की 25वीं वर्षगाँठ है (स्थापित – अक्टूबर, 2000)।
- **सम्मेलन के परिणाम/समझौते:** कुल 16 समझौते हस्ताक्षरित-

1. **प्रवासन और गतिशीलता:**

   A. एक देश के नागरिकों को दूसरे देश के क्षेत्र में अस्थायी श्रम गतिविधि पर समझौता।

   B. अनियमित प्रवासन से निपटने हेतु समझौता ज्ञापन।

2. **स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा:**

   A. स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के मध्य समझौता।

   B. खाद्य सुरक्षा हेतु भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एवं रूस की सरकार उपभोक्ता अधिकार संरक्षण एवं मानव कल्याण पर निगरानी की संघीय सेवा के मध्य समझौता।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. **समुद्री सहयोग एवं ध्रुवीय जलक्षेत्र:** ध्रुवीय जलक्षेत्र में संचालित जहाजों के लिए विशेषज्ञों के प्रशिक्षण हेतु भारत के पतन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय तथा रूस के परिवहन मंत्रालय के मध्य समझौता।
4. **उर्वरक:** मैसर्स JSC यूरालकेम और मैसर्स राष्ट्रीय केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स लिमिटेड तथा नेशनल फटिलाइजर्स और इंडियन पोटाश लिमिटेड के मध्य समझौता।
5. **सीमा शुल्क एवं वाणिज्य:** भारत और रूस के मध्य माल और वाहनों के संबंध में आगमन-पूर्व सूचना के आदान-प्रदान में सहयोग हेतु भारत सरकार के केन्द्रीय अप्रत्यक्षकर एवं सीमा शुल्क बोर्ड तथा रूस की संघीय सीमा शुल्क सेवा के मध्य प्रोटोकॉल।
6. **शैक्षणिक सहयोग:** पूणे स्थित रक्षा उन्नत प्रौद्योगिकी संस्थान और रूस फैडल स्टेट ऑटोनोमस उच्च शिक्षा संस्थान "नेशनल टॉम्स्क स्टेट यूनिर्वसिटी" के मध्य वैज्ञानिक और शैक्षणिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन।
7. **मीडिया सहयोग:**

A. प्रसार भारती एवं संयुक्त स्टॉक कंपनी गज़प्रोम–मीडिया होल्डिंग, रूस

B. प्रसार भारती एवं द बिग मीडिया ग्रुप, रूस

C. प्रसार भारती एवं द बिग एशिया मीडिया ग्रुप

D. प्रसार भारती एवं ANO "टीवी नोवोस्ती"

E. प्रसार भारती एवं टीवी ब्रिक्स के मध्य समझौता ज्ञापन।

**घोषणाएँ:-**

1. भारत-रूस आर्थिक सहयोग के रणनीतिक क्षेत्रों के विकास के लिए वर्ष 2030 तक का कार्यक्रम।
2. रूसी पक्ष ने अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल होने के लिए फ्रेमवर्क समझौते को अपनाने का निर्णय लिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. रूसी नागरिकों को पारस्परिक आधार पर 30 दिनों का नि:शुल्क ई-पर्यटक वीज़ा प्रदान किया जाएगा।
4. सभी नागरिकों को नि:शुल्क समूह पर्यटक वीज़ा प्रदान किया जाएगा।
5. नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय एवं हस्तकला अकादमी एवं भूदृश्य संग्रहालय रिज़र्व के मध्य प्रदर्शनी "इंडिया: फैवरिक ऑफ टाइम" के लिए समझौता।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- वर्ष 2024-25 में भारत एवं रूस के मध्य व्यापार –

| क्रं.सं. | प्रमुख निर्यात् | प्रमुख आयात |
|---|---|---|
| 1 | मशीनरी | क्रूड ऑयल |
| 2 | रसायन | पशु/वनस्पति तेल |
| 3 | दवाईयाँ | खाद |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# RELOS समझौता

## चर्चा में क्यों?

- रूस की संसद के निचले सदन ने भारत के साथ रसद सहायता के पारस्परिक आदान-प्रदान (रिलोस) समझौते की पुष्टि कर दी है।




## मुख्य बिन्दु:

- रेलोस उन लॉजिष्टिक समझौतों के समान है, जो भारत ने अमरिका, ब्रिटेन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया तथा वियतनाम जैसे देशों के साथ हस्ताक्षर किए हैं।

### रेलोस समझौता-

- यह एक द्विपक्षीय सैन्य रसद समझौता है, जो दोनों देशों के सैन्य विमानों, जहाजों तथा कर्मियों को ईंधन भरने, रखरखाव, स्पेयर पार्ट्स, प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास, मानवीय मिशन और आपदा राहत के लिए एक-दूसरे के ठिकानों का उपयोग करने में सक्षम बनाता है।
- यह एक-दूसरे के हवाई क्षेत्र और बंदरगाहों तक पारस्परिक पहुँच भी प्रदान करता है, जो भारत को उत्तरी समुद्री मार्ग के साथ आर्कटिक क्षेत्र में रणनीतिक प्रवेश प्रदान करेगा।
- रूस के लिए यह हिन्द महासागर की सुविधाओं तक पहुँच प्रदान करता है, जिससे उसे पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद वैश्विक पहुँच बनाए रखने में मदद मिलेगी जिससे एशिया में शक्ति संतुलन को स्थापित करने में मदद मिलेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अफार क्षेत्र

## चर्चा में क्यों?

- वैज्ञानिकों ने प्लेट टेक्टोनिक सिद्धांत का विश्लेषण करने के लिए अफार क्षेत्र को चुना।

## मुख्य बिन्दु:

**यहाँ 3 भ्रंश प्रणालियों की उपस्थिति है-**

1. इथियोपियाई
2. लाल सागर
3. अदन की खाड़ी भ्रंश






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## पीएम इंटर्नशिप योजना

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ने एक वर्ष में अपने लक्ष्य को पार कर लिया परन्तु केवल 1/5 उम्मीद्वारों ने ही योजना के प्रस्ताव को स्वीकार किया तथा उनमें से 20% ने समय से पहले नौकरी छोड़ दी।




### मुख्य बिन्दु:

**पीएम इंटर्नशिप योजना**

- **घोषणा :-** केन्द्रीय बजट 2024-25
- **कार्यान्वयन ऐजेंसी :-** कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय।
- **उद्देश्य :** 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ अभ्यर्थियों को इंटर्नशिप प्रदान करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL)

### चर्चा में क्यों?

- नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL) नवरत्न का दर्जा पाने वाला 27 वाँ केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE) बन गया है।



### मुख्य बिन्दु:

- **अवस्थिति :-** नुमालीगढ़, गोलाघाट जिला, असम।
- **रत्न का दर्जा देने का उद्देश्य :-** राज्य द्वारा संचालित संस्थाओं को परिचालन स्वतंत्रता और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करना है।

1. **मिनीरत्न दर्जा:- इन्हें दो उप श्रेणी में बाँटा गया है-**

   (A) **श्रेणी-I –** लगातार 3 वर्षों में लाभ तथा कम से कम 3 वर्षों में से 1 वर्ष में कर पूर्व लाभ 30 करोड़ रुपये या इससे अधिक तथा जिनकी निवल सम्पत्ति सकारात्मक हो।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

(B) श्रेणी-II – पिछले 3 लगातार वर्षों से लाभ कमा रही तथा सकारात्मक निवल मूल्य वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को मिनिरत्न-II कम्पनियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

2. नवरत्न का दर्जा :- वे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जिनके पास मिनिरत्न -I का दर्जा है और जिन्होंन पिछले 5 वर्षों में से 3 में उत्कृष्ट या बहुत अच्छा समझौता ज्ञापन रेटिंग प्राप्त की हो और जिनके 6 चयनित प्रदर्शन संकेतकों में 60 या उससे अधिक का समग्र स्कोर है,वे पात्र है।

3. महारत्न का दर्जा :- पात्रता के मानदण्ड –

- नवरत्न का दर्जा होना चाहिए।
- भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध होना चाहिए।
- न्यूनतम शेयरधारिता मानदण्डों के अनुरूप होना चाहिए।
- पिछले 3 वर्षों में औसत वाषिक कारोबार 25000 करोड़ से अधिक तथा औसत वार्षिक निवल सम्पत्ति 15000 करोड़ से अधिक हो।
- पिछले 3 वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक का औसत वार्षिक शुद्ध लाभ तथा वैश्विक स्तर पर महत्वूपर्ण उपस्थिति हो।
- भेल, BPCL, कोल इण्डिया, गेल, HPCL, इण्डियन ऑयल, NTPC, ONGC महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## गरूड़ शक्ति

### चर्चा में क्यों?

- अभ्यास गरूड़ शक्ति हिमाचल प्रदेश के बकलोह में स्पेशल फोर्सेज ट्रेनिंग स्कूल में शुरू हुआ।



### मुख्य बिन्दु:

**अभ्यास के संदर्भ में अतिरिक्त जानकारी-**

- **प्रकार-** द्विपक्षीय
- **भागीदार देश –** भारत-इंडोनेशिया
- **संस्करण –** 10वाँ संस्करण
- **उद्देश्य –** विशेष बलों के बीच आपसी समझ, सहयोग और अंतर संचालनीयता को मजबूत करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## पहला फीफा शांति पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को वांशिगटन में फीफा-2026 विश्व कप ड्रॉ के दौरान पहले फीफा शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



### मुख्य बिन्दु:

- फुटबॉल की वर्ल्ड बॉडी फीफा ने नवम्बर, 2025 में यह नया वार्षिक पुरस्कार घोषित किया था।
- ट्रम्प इसके पहले विजेता बन गए है।
- इस पुरस्कार का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने शांति के लिए असाधारण व विशिष्ट कार्य किए हो।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- मैक्सिको, कनाड़ा और अमेरिका फीफा विश्व कप, 2026 की संयुक्त मेजबानी कर रहे है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस, 2025: 2 दिसम्बर



**मुख्य बिन्दु:**

- **आयोजन/तिथि:** 2 दिसम्बर
- **कारण:** भोपाल गैस त्रासदी 2-3 दिसम्बर, 1984 को हुई जिसमें मध्यप्रदेश की यूनियन कार्बाइड कीटनाशक संयंत्र में 45 टन मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हुआ था।
- **वर्ष 2025 का विषय:** "हरित भविष्य के लिए सतत् जीवन"

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बॉर्ड (CPCB):**

- वर्ष 1974 में स्थापित।
- जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### प्रदूषण नियंत्रण में सहायक कानून:

1. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016
2. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
3. वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981
4. सार्वजनिक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991
5. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT), 2010
6. ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम 2000
7. राष्ट्रीय पर्यावरण न्यायाधिकरण अधिनियम, 1995
8. रासायनिक दुर्घटना आपातकाल, तैयारी, योजना और प्रतिक्रिया नियम, 1996


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विश्व मृदा दिवस

## चर्चा में क्यों?

- मृदा स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है।




## मुख्य बिन्दु:

**अतिरिक्त महत्वपूर्ण तथ्य –**

- अंतरराष्ट्रीय मृदा विज्ञान संघ द्वारा 2002 में प्रस्ताव के पश्चात्, इस पहल को FAO तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा समर्थन प्राप्त है।
- दिसम्बर 2013 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 दिसम्बर 2014 को प्रथम आधिकारिक विश्व मृदा दिवस के रूप में नामित किया।
- **विश्व मृदा दिवस- 2025 विषय –**
  - स्वस्थ शहरों के लिए
  - स्वस्थ मृदा


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## महिला कबड्डी विश्व कप, 2025

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने ढाका (बांग्लादेश) में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप, 2025 फाइनल में चीनी ताइपे को हराकर लगातार दूसरी बार महिला कबड्डी विश्व का खिताब जीत लिया।



### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन:** ढाका, बांग्लादेश
- **विजेता:** भारत
- **भारत; टीम नेतृत्व:** कप्तान – रितु नेगी, उपकप्तान – पुष्पाराणा
- **स्टार खिलाड़ी:** छत्तीसगढ़ की संजू देवी।
- **सेमीफाइनल:** भारत ने ईरान को हराया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **वर्ल्ड एथलेटिक्स अवॉर्ड, 2025**<br><br>■ अमेरिका की सिडनी मैकलॉघलिन -लेवरोन को प्रदान किया गया।<br>■ **उपलब्धि:** 26 वर्षीय सिडनी ने टोक्यो वर्ल्ड चैंपियनशिप में 400 मीटर को 47.78 सैकंड में पूरा कर चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाया जो दुनियाँ का दूसरा सबसे तेज समय है। |
| 2. | **लुआना लोपेस लारा**<br>■ ब्राजील की 29 वर्षीय लुआना लोपेस लारा विश्व की सबसे युवा सेल्फ-मेड महिला अरबपति बन गई।<br>■ फोर्ब्स के अनुसार, बेजे डांसर से फिनटेक उद्यमी बनी लुआना ने कलशी नामक प्रेडिक्शन मार्केट कंपनी बनाई, जिसकी वैल्यू करीब 11 अरब डॉलर हुई।<br> |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल: पर्यावरण संरक्षण हेतु वैश्विक मान्यता मिली**<br>■ हाल ही में, मुंबई स्थित कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल को जॉइंट कमीशन इंटरनेशनल (JCI) द्वारा हेल्थकेयर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक मान्यता प्रदान की गई।<br>■ ऐसी मान्यता प्राप्त करने वाला यह अस्पताल, भारत और दक्षिण एशिया का पहला और विश्व का पाँचवाँ अस्पताल बन गया है।<br>■ हॉस्पिटल के उपयोग की 50 प्रतिशत बिजली सौर ऊर्जा से हो रही है। |
| 4. | **डाइविंग चेस टूर्नामेंट, 2025**<br><br>■ **आयोजन:** केपटाउन, साउथ अफ्रीका<br>■ **विजेता:** अमेरिका ग्रेंडमास्टर हंस नीमन<br>■ **उपविजेता:** हमवतन ग्रैंडमास्टर फेबियानो कारूआना।<br>■ नए फिडे वर्ल्ड कप विजेता जावोखिर सिंदारोव ने भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR \| Support@utkarsh.com \| Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR